तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

8

## जीवन को संवारने और बिगाड़ने में शिक्षा, मीडिया और डॉक्टरों की बड़ी भूमिकाः सिंह




## खबर संक्षेप

### रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डरों के प्रमोशन पर नहीं बनी सहमति

**कोरबा।** खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) की ओरसे जारी रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डरों के प्रमोशन को लेकर कोल इंडिया के सीएमडी स्तर पर सहमति नहीं बन सकी है। जानकारी के मुताबिक गत दिनों कोलकाता स्थित कोल इंडिया मुख्यालय में आयोजित बैठक में तर्क दिया गया कि रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डरों को प्रमोशन देने से भूमिगत कोयला उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वहीं फर्स्ट क्लास, सेकेंड क्लास, रिस्ट्रिक्टेड और अनरिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट के बीच वरीयता तय करने में जटिलताओं की आशंका जतायी गयी। हालांकि जानकार इन तर्कों से सहमत नहीं है उनका कहना है कि पिछले पांच वर्षों के आंकड़े बताते है कि भूमिगत उत्पादन पहले से ही ठहराव की स्थिति में है। वित्त वर्ष 2020-21 में 26.45 एमटी, 2021-22 में 25.62 एमटी व 2022-23 में 25.49 एमटी उत्पादन हुआ है, जबकि वर्ष 2023-24 में 26.02 एमटी व 2024-25 में 25.44 एमटी उत्पादन दर्ज किया गया। इधर माइनिंग के विशेषज्ञों का मानना है कि प्रमोशन रोकने के बजाय भूमिगत खनन को आकर्षक और व्यावहारिक बनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि अनुभवी और तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों का बेहतर उपयोग हो सके।

### आज डिकेश्वर करेंगे दूरदर्शन में काव्यपाठ

**कोरबा।** पूरे देश में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर को खास बनाने के लिए राष्ट्रीय चैनल प्रसार भारती के अंतर्गत दूरदर्शन में देशभक्ति काव्यपाठ का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में पूरे प्रदेश से चुनिंदा कवियो ने देशभक्ति कविताओ का काव्यपाठ कर शमा बांध दिया। जिले के ओज कवि डिकेश्वर साहू ने भी इस कवि सम्मेलन में काव्यपाठ कर ऊर्जाधानी का मान बढ़ाया है। कवि डिकेश्वर साहू लगातार प्रदेश के कवि सम्मेलन में अपनी ओजस्वी कविता से मां भारती की स्तुति करते आ रहे हैं। डिकेश्वर साहू ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में रजत पदक प्राप्त कर एक स्वर्णिम किर्तिमान स्थापित किया था। डिकेश्वर साहू ने राज्य स्तरीय वाद-विवाद , निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ा चुकें हैं। राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन में काव्यपाठ के सुखद अवसर के लिए उनके माता-पिता संतराम रामहिन साहू, पत्नी सुचिता साहू, बहने मधु मनीषा, भाई महेश तनु साहू एवं अन्य प्रियजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### राज्य सलाहकार ने स्वच्छता गतिविधियों का किया निरीक्षण

**कोरबा।** राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के राज्य सलाहकार श्रीमती मधुरिमा मसीह द्वारा आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत जनमन के ग्राम पंचायत बिंझरा और गुड़रुमुड़ा में विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों में निर्मित घरेलू शौचालय का डोर टू डोर भौतिक निरीक्षण किए और हितग्राहियों से चर्चा किए। बिंझरा के पंचायत भवन में सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्राही समूह के दीदी व ग्रामीणजनो से चर्चा कर कचरा संग्रहण, घरेलू शौचालय का उपयोग, कचरा संग्रहण शुल्क लेने व ग्रामीणों में अधिक से अधिक जन जागरूकता लाने पर भी चर्चा किए। कचरा संग्रहण शेड का निरीक्षण के दौरान राज्य सलाहकार श्रीमती मधुरिमा मसीह द्वारा समूह के दीदियों के द्वारा किये जाने वाले कार्य पर खुशी जाहिर किए तत्पश्चात घरेलू शौचालय का निरक्षण किए। ग्राम पंचायत गुड़रुमुड़ा के बस्तीपारा व मांझीपारा में निर्मित घरेलू शौचालय का निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से निरंतर शौचालय के उपयोग करने को कहा।

## ग्राम सचिवालय योजना पड़ी बंद, छोटे-छोटे कामों को लेकर लोग पहुंच रहे हैं जनपद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित जाति प्रमाण पत्र एवं फौती बंटवारे एवं पेंशन प्रकरण जैसे छोटे छोटे कार्यो का ग्राम स्तर पर ही निराकरण करने के लिए चलने वाले ग्राम सचिवालय योजना के बंद होने से इन छोटे छोटे कार्यों को लेकर ग्रामीण अंचल से लोग जनपद एवं जिला पंचायत पहुंच रहे हैं। जबकि पंचायत स्तर में सप्ताह में दो दिन सचिवालय लगाए जाने की योजना सरकार की ओर से जारी हुई थी।

अलग खबर

ग्राम पंचायत क्षेत्रों में मूलभूत विकास कार्यों के अलावा शासकीय मद से होने वाले कार्य एवं केंद्र सरकार की मनरेगा जैसी योजनाओं में काम करने के लिए जॉब कार्ड बनाने, जन्म मृत्यु का पंजीयन सहित ग्रामीण अंचलों से काम की तलाश में बाहर जाने वालों का डाटा तैयार करना एवं ग्राम विकास की योजना बनाने के लिए आसपास की 4 पंचायतों को मिलाकर सचिवालय लगाए जाने की योजना लागू हुई थी लेकिन अब उक्त योजना जिले में बंद है। इसके अलावा पंचायत सचिवों को योजना के विकल्प के रुप में सप्ताह में दो दिन स्थानीय स्तर पर सचिव कार्यालय में सचिवालय के निर्देश दिए गए थे ताकि संबंधित पंचायत के ग्रामीण अपनी कार्ययोजना और समस्याओं को लेकर सचिव के दफ्तर पहुंचकर उनका निराकरण करा सकें लेकिन वर्तमान में स्थिति विपरीत नजर आती है। पंचायतों के सचिव अपना अधिकांश समय जिला मुख्यालय में गुजार देते हैं। कई बार तो ग्रामीण अपने पंचायत सचिव के साथ ही जनपद कार्यालय पहुंच जाते हैं और यहां भी उनकी समस्याओं के लिए सचिव को ही निर्देश जारी किए जाते हैं और उक्त सचिव के द्वारा ही पीड़ित ग्रामीणों के समस्याओं का निराकरण किया जाता है जबकि यह काम पंचायत स्तर का था।

### सप्ताह में एक दिन सचिवालय लगाने का जारी हुआ था आदेश

**खास बातें**

- जन्म मृत्यु, जाति, फौती, बंटवारे जैसे होते थे काम
- ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के कार्य भी जनपद में होते हैं स्वीकृत




#### नहीं हो रही पंचायतों की सतत निगरानी

ग्राम पंचायत सचिव के कार्यों की सतत निगरानी जनपद स्तर के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र का दौरा कर नहीं किए जाने के कारण ही सचिव कार्यालय में ताला लटका नजर आता है। पूर्व में पंचायत सचिवों को यह शिकायत रहती थी कि उनके बैठने के लिए अलग से स्थान नहीं है। उनकी मांग को देखते हुए 14वें वित्त की राशि से बड़ी ग्राम पंचायतों में सचिव कार्यालय के लिए अलग से भवन बनाकर दिए गए। उसके बाद भी सचिव दफ्तर में ना बैठकर जनपद में नजर आते हैं।

### 412 डबरी बनाए जाने की तैयारी, दो माह में करना होगा पूरा

## जब मनरेगा बंद होने के कगार पर पहुंची तब स्वीकृत हुए डबरी निर्माण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अप्रेल महीने में केंद्र सरकार की 100 दिन का काम देने वाली मनरेगा योजना बंद किया जाना है और उसके स्थान पर जी राम जी योजना चलेगी। महज 2 माह की मनरेगा के कार्यो के लिए मिले हैं और बंद होने की स्थिति मनरेगा के अंतर्गत पिछले दिनों जिले में 412 डबरी बनाए जाने की स्वीकृति दी गई है जिसे दो माह में ही पूरा करना होगा।

**खास बात**

- जल संरक्षण के लिए बनाई गई है योजना

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए चल रही मनरेगा 30 मार्च को समाप्त हो जाएगी और उसके स्थान पर 1 अप्रैल से 125 दिन का काम देने वाली जी राम जी शुरु हो जाएगी। एक तरफ मनरेगा के सभी कार्यों का बांइडअप कर जो काम शुरु नहीं हुए हैं उसका डाटा तैयार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पिछले सप्ताह की 412 डबरी बनाए जाने की कार्ययोजना बना दी गई है जो समझ से परे है। इसे लेकर अब सवालिया निशान भी खड़े हो रहे हैं कि आखिर एक तरफ जब मनरेगा बंद होने की स्थिति में आ गई है ऐसे में डबरी के कार्यों को स्वीकृत करना कहीं ना कहीं आनन फानन में अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए उठाया जा रहा कदम बताया जा रहा है। दो माह में 412 डबरी बनाए जाने की योजना को लेकर जिला और जनपद पंचायत के अधिकारी भी असमंजस में हैं। उनकी मानें तो फरवरी, मार्च में सभी पंचायतों में डबरी का निर्माण होना मुश्किल है। आधी पंचायतों में ही निर्माण कार्य पूरा हो जाए वही बहुत है।



फाइल फोटो

#### बारिश के पहले होना था काम

जल संरक्षण के उद्धेश्य से डबरी निर्माण जैसे कार्य स्वीकृत किए जाते हैं लेकिन इनका निर्माण बारिश के पहले किया जाता है ताकि बारिश के पानी को संरक्षित किया जा सके लेकिन बसंत के मौसम में डबरी निर्माण के कार्य स्वीकृत करना निःसंदेह बजट खर्च करने की नीति मानी जा रही है। हालांकि इसमें अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। इसी उद्धेश्य को लेकर इतनी बड़ी संख्या में स्वीकृति दी गई है।

## 6 महिला और तीन युवक संदिग्ध अवस्था में पकड़ाए, बस्ती में पथराव, पुलिस के साथ झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिंगापुर बस्ती में कुछ दिनों से संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे महिलाओं और पुरुषों का लगातार आना-जाना लगा हुआ था।

**खास बातें**

- सिविल लाईन थाना क्षेत्र के डिंगापुर बस्ती का मामला
- महिला आरक्षक की रिपोर्ट पर तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज
- संदिग्ध अवस्था के मामले में सभी लोग भेजे गए जेल

इस बीच पुलिस की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की थी जहां मौके से पुलिस ने 6 महिला और तीन युवकों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया था। मामला सामने आने के बाद रविवार को बस्ती में सुबह जमकर हंगामा हुआ और एक महिला के घर जमकर पत्थर बाजी और तोड़फोड़ की घटना हुई। जब सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस के साथ भी झड़प घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में महिला आरक्षक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। जबकि संदिग्ध गतिविधियों के मामले में कुल 9 लोगों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत डिंगापुर बस्ती में पिछले कुछ दिनों से कुछ युवक गतिविधि को अंजाम दे रहे थे बस्तीवासियों की सूचना पर शनिवार की देर शाम सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर छापेमारी की कार्रवाई की गई थी। जहां संदिग्ध अवस्था में 6 महिला और तीन युवक में हरदीबाजार क्षेत्र निवासी नील कुमार यादव, ईश्वर कुमार, बैगिनडभार निवासी राजदास महंत को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिसके बाद इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने कुल 9 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पृथक से धारा 170 बीएनएसएस के तहत जेल भेजा है। बताया जाता है कि इस घटना के बाद रविवार की सुबह लगभग 10 बजे डिंगापुर बस्ती में इसी मामले ⏭ शेष पेज 3 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## टेक्निकल खामी, सायबर थाना का नहीं होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टेक्निकल खामी की वजह से आज जिले में सायबर थाना का शुभारंभ नहीं हो पाएगा लेकिन जिले में

**खास बात**

- थानेदार सहित अन्य स्टाफ की हुई सायबर थाना में पोस्टिंग

सायबर थाने को लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने थानेदार सहित अन्य कर्मचारियों की तैनाती कर दी है। सायबर थाना के पहले प्रभारी के रुप में उप निरीक्षक अजय सोनवानी को कमान सौंपी गई है। जिले में लंबे समय से सायबर थाना की डिमांड हो रही थी। जिले में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोरबा में साइबर पुलिस थाना घोषणा के बाद पहले थाना प्रभारी अजय सोनवानी को बनाया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा आदेश जारी किया गया है आदेश के अनुसार साइबर पुलिस थाना कोरबा में कुल 12 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। उप निरीक्षक अजय सोनवानी को साइबर पुलिस थाना कोरबा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह कंवर और प्रधान आरक्षक गुनाराम सिन्हा सहित आरक्षक सुषील यादव, आलोक टोप्पो, संजीव कुमार सिंह, श्याम कुमार सिदार, प्रशांत सिंह, रेणु टोप्पो, विकेश्वर प्रताप सिंह, डेमन आगरे और रवि कुमार चौबे को साइबर पुलिस थाना कोरबा में पदस्थ किया गया है। 26 जनवरी को सायबर थाना का शुभारंभ किया जाना था। सूत्र बताते हैं कि टेक्निकल खामी की वजह से सायबर थाना का काम पूरा नहीं हो पाया जिसके चलते सायबर थाना का शुभारंभ नहीं हो पाएगा।

### 22 वारंटियों की गिरफ्तारी 4 स्थायी वारंटी शामिल

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए कोरबा पुलिस द्वारा 22 वारंटियों की गिरफ्तारी की गई, जिनमें 4 स्थायी वारंटी शामिल हैं। इस प्रकार विभिन्न प्रकरणों में कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोरबा पुलिस द्वारा इन पर सतत निगरानी रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरफ्तारी की गई। इस अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। इसी क्रम में कोरबा पुलिस द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब के भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

## तिरंगे की छांव में उमड़ा राष्ट्रभक्ति का महासागर मां तुझे सलाम के पहले दिन दिखा लोगों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम मां तुझे सलाम ने शनिवार को अपने भव्य शुभारंभ के साथ ही कोरबा के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। आयोजन स्थल पर सुबह से देर रात तक उमड़ती भीड़, तिरंगे की लहराती शान, देशभक्ति गीतों की गूंज और नागरिकों का उत्साह हर दृश्य यह संदेश दे रहा था कि कोरबा आज केवल एक शहर नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की जीवंत तस्वीर बन चुका है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री एवं निर्विरोध पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष देवेंद्र पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, सुमित ज्वेलर्स के संचालक पारस जैन मंचासीन रहे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज जुड़ता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ट्रेड फेयर के माध्यम से स्थानीय व्यापार और रोजगार को बल मिल रहा है, यह कोरबा के लिए गर्व की बात है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने आयोजन को कोरबा की पहचान बताते हुए कहा यह आयोजन कोरबा को राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दिला रहा है। सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करते हैं और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। ऑटोमोबाइल सेक्शन में टाटा, होंडा, टीवीएस, टोयोटा, महिंद्रा, केटीएम, रॉयल एनफील्ड एवं गुड लक ई-रिक्शा के स्टॉल्स लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। शिक्षा क्षेत्र में फिजिक्स वाला सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्टॉल्स पर छात्र-छात्राओं की भारी उपस्थिति ने यह साबित कर ⏭ शेष पेज 3 पर



मंच पर उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर एवं अन्य।

### प्रीति, आराधना कंवर व राय सिंह श्याम रहे प्रथम स्थान पर

## रन फॉर रिपब्लिक, अधिकारियों से लेकर विद्यार्थियों व आम नागरिकों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत कटघोरा में प्रशासन एवं पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में कटघोरा रन फॉर रिपब्लिक मैराथन का आयोजन किया गया महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित इस 10 किलोमीटर लंबी दौड़ में महिला वर्ग से प्रीति भारद्वाज (कटघोरा) व आराधना कंवर (अरदा) तथा पुरुष वर्ग से पेंड्रा रोड से शामिल हुए राय सिंह श्याम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मैराथन की शुरुआत शहीद वीर नारायण सिंह चौक से हुई जिसे शहीद विनोद भारिया की माता शांति बाई के द्वारा झंडा दिखाकर शुरुवात की गई। जिसमें दौड़ के ग्रुप में स्वयं एसडीएम तनमय खन्ना, डीएफओ कुमार निशांत ने भी दौड़ में भाग लिया सभी को वीरनारायण चौक से 5 किलोमीटर दूर लखनपुर बरभाठा में पहुंचकर वहां से द्वितीय टोकन प्राप्त करने के बाद स्वामी आत्मानंद विद्यालय तक पहुंचते हिये दौड़ समाप्त किया गया आयोजन के दौरान मार्ग में विभिन्न चेक प्वाइंट बनाए गए थे, जिससे पारदर्शिता बनी रही। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। कई प्रतिभागी पूरे 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में सफल रहे जबकि कुछ ने आंशिक दूरी पूरी की। इस दौरान एसडीएम तन्मय खन्ना, थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, डीएफओ कुमार निशांत, एसडीओपी विजय सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा, पार्षद संजय अग्रवाल, पत्रकार अजय धनोदिया,मनोज नायडू,टीकम पाल, राकेश पाण्डेय, अजय दुबे, शारदा पाल,अनीश पाण्डेय, डाकेध्वर शुक्ला, शशिकांत डिक्सेना, राहुल डिक्सेना, आशुतोष शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, नानक राजपूत, सहित अन्य पुलिस कर्मी एवं अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।



पुरस्कृत करते अतिथि।

#### ये रहे विजेता

महिला वर्ग में प्रीति भारद्वाज व आराधना कंवर (प्रथम), प्रियांशु कंवर (द्वितीय) व भुभृति सलाम (तृतीय) तो पुरुष वर्ग में राय सिंह श्याम पेंड्रा (प्रथम), सोनू राज डोंगरतराई (द्वितीय),दीपक सिंह पेंड्रा (तृतीय), स्थान पर रहे। जिसमे समिति की ओर से दोनों वर्ग के प्रतिभागियों में आये प्रथम को 5100 रुपये नगद व ट्राफी द्वितीय को 3100 रुपये नगद व ट्राफी तृतीय को 2100 रुपये नगद व ट्राफी भेंट किया गया। आयोजन को सफल बनाने में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई नरेंद्र मित्तल नरेंद्र ज्वेलर्स, नितिन मित्तल गृहस्ती सुपर बाजार, प्रताप वाटवानी एपी शॉपिंग मॉल, चंद्रप्रकाश सिंघानिया सिंघानिया ग्रुप, मुरलि साहू मुरली होटल, जितेंद्र अग्रवाल महाबली जनरल स्टोर, इखलाक शेख रायल टेंट, आलोक जायसवाल डीजे का सहयोग रहा समिति की ओर से सभी को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया।

# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...







































## खबर संक्षेप

### क्वैकरी के खिलाफ सामूहिक कदम प्रथम फिजियोमीट आयोजित

**कोरबा।** ऊर्जानगरी में फिजियोथेरैपिस्ट्स का प्रथम फिजियोमीट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. विवेक अरोरा द्वारा डॉ. हर्षित गोयनका के साथ किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. प्रशांत, डॉ. उमेश भुवाने तथा डॉ. आयुष अरोरा की उपस्थिति रही। बैठक का प्रमुख उद्देश्य कोरबा में अयोग्य/अनधिकृत (क्वैक) प्रैक्टिस को नियंत्रित करना और जनता तक प्रमाणिक, डिग्री-होल्डर फिजियोथेरैपिस्ट्स की सही पहचान पहुँचाना रहा। बैठक में कार्ययोजना के रूप में जन-जागरूकता अभियान, पीरियॉडिक अवेयरनेस/मेडिकल कैंप्स, तथा नियमित द्विमासिक बैठकों के माध्यम से निरंतर कार्रवाई पर सहमति बनी। कार्यक्रम का समापन डॉ. अभिषेक तिवारी द्वारा वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ। यह फिजियोमीट कोरबा में क्वैकरी के खिलाफ सामूहिक कदम और जनता को सुरक्षित, प्रमाणिक व परिणाम-उन्मुख फिजियोथैरेपी उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत रहा।

### शाखा प्रबंधक व सहकारी बैंक कर्मियों के प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित

**कोरबा।** प्रधान कार्यालय में छग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ बिलासपुर द्वारा कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इनमें कोरबा ब्रांच की शाखा प्रबंधक श्रीमती सरिता पाठक, कटघोरा के शाखा प्रबंधक मणिशंकर मिश्रा, पोड़ी उपरोड़ा के शाखा प्रबंधक रोहित राठौर, बालको के सहायक लेखापाल शैलेश मसीह, एनटीपीसी ब्रांच की प्रभारी प्रबंधक श्रीमती नेहा पांडेय के सुपुत्र रुद्राक्ष पांडेय, पर्यवेक्षक ज्ञान सोनी के सुपुत्र अनुभव एवं अक्षांश सोनी, पेखन चंद्राकर के सुपुत्र भावेश चंद्राकर, पायल चंद्राकर, पीहू चंद्राकर को पिछली कक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि रहे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (मर्यादित) बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (मर्यादित) बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा एवं नोडल अधिकारी बिलासपुर आशीष दुबे ने बच्चों और कर्मियों को सम्मानित किया।

### प्राण प्रतिष्ठा के साथ किया गया मंदिर का उद्‌घाटन

**कोरबा।** वसंत पंचमी के अवसर पर देलवाडीह स्थित एके गुरुकुल महाविद्यालय एवं रानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती का मंदिर का उद्‌घाटन और प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महिलाओं एवं बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें देलवाडीह एवं आस पास निवासरत श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कलश स्थापना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजन एवं अनुष्ठान पूर्ण किया गया। हवन किया गया और महाआरती के बाद 151 बालिकाओं को कन्या भोज कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में एके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर अक्षय कुमार दुबे के पिता गिरीश कुमार दुबे एवं माताजी श्रीमती कमलेश दुबे ने पूजन विधि पूर्ण की। साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं एवं पिछली कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत-सम्मानित किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ अनुष्ठान देर शाम तक चला। कार्यक्रम में एके गुरुकुल महाविद्यालय एवं रानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और उनके पालकों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 6 महिला और...

को लेकर जमकर बखेड़ा खड़ा हो गया और एक महिला के घर को बस्ती वासियों ने घेर लिया और पत्थरबाजी के साथ जमकर आक्रोश भड़क उठा। मारपीट और पत्थरबाजी की सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस व पुलिस के आला अधिकारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइए दे रही थी इसी दौरान कुछ बस्ती के रहने वाले लोगों ने पुलिस के साथ झड़प की घटनाओं को अंजाम दिया है और एक महिला आरक्षक के साथ जमकर झुमा झटकी की गई है। महिला आरक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने बस्ती में निवासरत शिवांगीगिरी यादव, शीतल यादव और राजकुमार यादव के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के साथ साथ विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### तिरंगे की छांव...

दिया कि शिक्षा भी राष्ट्रनिर्माण का मजबूत स्तंभ है। सोलर एनर्जी सेक्शन में सोलर विस्टा सहित अन्य कंपनियों के उत्पादों ने पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूती दी।

### शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित

# प्रत्येक नागरिक को संविधान से मिला है मतदान का अधिकार : दुदावत




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय आयोजन शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम मेरा भारत, मेरा वोट रही, जिसके माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं मतदाता सहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत तथा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पूर्व कलेक्टर एवं एसपी द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा निर्वाचन एवं विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर बनाई गई रंगोली एवं मेंहदी कलाकृतियों का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर एसआईआर अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा मतदान का अधिकार प्राप्त है। यह अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी सशक्तता नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जागरूकता, सहभागिता और जिम्मेदार नागरिक बनने की निरंतर प्रक्रिया है। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर कार्य कर रहे हैं, जो एक महत्वपूर्ण और सराहनीय दायित्व है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही वे स्वयं पहल कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं, ताकि किसी भी समय होने वाले चुनाव में वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की याद दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है, जिसका प्रयोग सोच-समझकर एवं निष्पक्ष रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से एक जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नागरिक दायित्वों की समझ भी उतनी ही आवश्यक है। इस अवसर पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले एवं जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर, एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे, कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेणु बाला शर्मा, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

### बासीन में मनाया गया मतदाता दिवस




25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बासीन के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक नोहर चन्द्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत बासीन बीएलओ सूर्य प्रकाश सिंह ठाकुर जो कि प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं उनके नेतृत्व में विद्यालय के भारत स्काउट गाइड कब- बुलबुल छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से सभी वोटरों को शत प्रतिशत मतदान करने को अपील किया गया साथ ही साथ नए वोटरों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया और उन्हें मतदान शपथ दिलाई गई।

### शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में गूंजा लोकतंत्र का संकल्प



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले भर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिले के समस्त विकासखंडों, तहसीलों, संकुलों सहित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, मतदान केंद्रों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। सभी शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की सामूहिक शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत जिले के विभिन्न संस्थानों में रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली, प्रेरणादायक नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग के माध्यम से मतदान की महत्ता को प्रदर्शित किया। इसी कड़ी में भैंसमा स्थित स्व. प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय, शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल कुसमुंडा और केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा सहित जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी कार्यरत कार्मिकों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। जिला प्रशासन द्वारा इन आयोजनों के सफल संपादन के साथ ही शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

## ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर गेवरा स्पोर्टिंग का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विजेता टीम को पुरस्कृत करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं अन्य अतिथि।

मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी कोरबा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच गेवरा स्पोटिंग विरुद्ध कृष्णा इलेवन कोरबा के मध्य खेला गया। जिसमें गेवरा स्पोटिंग विजयी रही। मैच के मुख्य अतिथि राजेश गुप्ता जीएम कोरबा एरिया व पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल विशिष्ट अतिथि नूतन राजपूत सभापति नगर निगम, मुकेश राठौर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (शहर), शैलेंद्र सिंह, सुशील गर्ग, नौशाद खान, एमबी पटेल, मोहन सिंह प्रधान, बीबी साहू, राजेंद्र तिवारी, सुखसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, दुष्यंत शर्मा सपना चौहान, पुष्पा पात्रे, लक्ष्मी महंत, शशि अग्रवाल उपस्थित रहे। फाइनल मैच के अंपायर इजराइल खान, बलवीर सिंह सोढ़ी, स्कोरर नमन निराला, कमेंटेटर भुनेश्वर कश्यप रहे। इस अवसर पर विकास सिंह अध्यक्ष मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी, सुनील शर्मा, अशोक लोध, महेंद्र सिंह, राजेंद्र पटेरिया, अनिल प्रजापति, मनोज ठाकुर, अंकित वर्मा, एडी जोशी, अभिषेक गुप्ता, पवन विश्वकर्मा, बृजभूषण प्रसाद, राकेश पंकज, अमित सिंह, सुनील निर्मलकर, अश्वनी पटेल, सुजीत बर्मन, कमलेश गर्ग, विवेक श्रीवास, बालेंद्र सिंह, भरत मिश्रा, नितेश यादव, राजेश यादव, आकाश प्रजापति, गोपाल महंत, रूपेश महंत व भारी संख्या में दर्शक व खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### बकरियों के दल के साथ गांव में पहुंचा कोटरी का शावक

**कोरबा।** जिले के केंदई रेंज के मोरगा क्षेत्र में कोटरी का बच्चा बकरियों के दल के साथ शनिवार की शाम भुलसी भवना नामक गांव में पहुंच गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई, जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अपने कब्जे में लेकर जंगल ले जाकर छोड़ दिया।

### आज होगा उल्लास मेला का आयोजन

**कोरबा।** जिले को पूरी तरह साक्षर बनाने के लिए 26 जनवरी को जिले के हर गांव में उल्लास मेला लगाया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य है कि जो लोग अभी तक पढ़ना-लिखना नहीं जानते हैं, उन्हें सीखने का अवसर मिले। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन के अध्यक्ष ने मेले की तैयारियों की समीक्षा की और सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को समय पर तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह मेला जिले को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला-कोरबा, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क० /अ-2/2025-2026**
**ग्राम रजगामार प०ह०नं०-39**
**तहसील भैंसमा जिला कोरबा छ०ग०**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेणुका कंवर पति श्री कमल सिंह जाति कंवर (आदिवासी) निवासी ग्राम ढेंगुरडीह पो. कोरकोमा, तह. भैंसमा जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रजगामार प.ह.नं. 39 तहसील भैंसमा जिला कोरबा में स्थित भूमि ख०नं० 737/2 रकबा 0.210 हे. भूमि को छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के अंतर्गत धारा 172 के अधीन औद्योगिक (प्लाई एश ब्रिक्स) प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने बी-1, खसरा, नक्शा, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, बिल्डिंग का साइड प्लान, गूगल मैप एवं शपथ पत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समिति को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 30/01/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.)**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**




## गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होंगे जिले के शिक्षक


शंकर गढ़ेवाल


हनुमान सिंह


सुजीत वैष्णव


मंजूला श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्य स्थल में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को प्रतिवर्ष पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष शिक्षा विभाग के द्वारा 5 शिक्षकों के नाम जिला चयन समिति को भेजा गया था जिनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें एक दिव्यांग शिक्षक भी शामिल है।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरदा की व्याख्याता श्रीमती मंजूला श्रीवास्तव, करतला विकासखंड के प्राथमिक शाला ठाकुरपारा बोकरदा के प्रधान पाठक सुजीत कुमार वैष्णव, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान के व्यायाम शिक्षक प्रदीप कुमार मिंज, कोरबा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला अजगरबहार के सहायक शिक्षक हनुमान सिंह उर्रे तथा पाली विकासखंड के बीईओ कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 शंकर प्रसाद गढ़ेवाल का नाम शामिल हैं। इन नामों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनुमोदित किया गया था।

## गणतंत्र दिवस पर चौकी को रोशनी से सजाया, राहगीरों का मन मोह रही साज-सज्जा



गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी ने चौकी परिसर को आकर्षक लाइटों से सजवाकर देशभक्ति का सुंदर संदेश दिया। पूरे चौकी भवन को रंग-बिरंगी रोशनी से इस तरह सजाया गया कि दूर से ही उसकी भव्यता नजर आने लगी। शाम ढलते ही जब लाइटें जगमगाईं तो आने-जाने वाले लोगों की नजरें अपने आप चौकी की ओर टिक गईं। राहगीर रुककर साज-सज्जा को निहारते नजर आए और कई लोगों ने मोबाइल से तस्वीरें भी लीं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सजावट से गणतंत्र दिवस का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया है। चौकी प्रभारी वैभव तिवारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारे संविधान और लोकतंत्र के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है। इसी भावना के साथ चौकी परिसर को सजाया गया है ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना और मजबूत हो। यह साज-सज्जा न सिर्फ चौकी की सुंदरता बढ़ा रही है बल्कि लोगों के मन में पुलिस के प्रति सकारात्मक छवि भी बना रही है।

## निगम आयुक्त ने दिलाए निगम के अधिकारी कर्मचारियों को शपथ

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों, एनयूएलएम स्वसहायता समूह की सदस्यों एवं स्वच्छता दीदियों को मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थितजनों ने मतदाता शपथ ग्रहण करते हुए संकल्प लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त त्रय नीरज कौशिक, बीपी त्रिवेदी व पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, तपन तिवारी व लीलाधर पटेल, लेखाधिकारी भवकांत नायक, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, गुलिस्ता साहू, रामसिंह नेताम, सुनील वर्मा, आनंद दुबे, उत्तम साहू, अरविंद सिंह, शंकरलाल साहू, शांतिलाल सोनी, दिवाकांत जायसवाल, भावेश यादव, अरविंद सिंह, पीआईयू धनमोहन रात्रे, पकंज गभेल, लक्ष्मीनारायण कंवर, विजयलक्ष्मी तिवारी, मीनू सैयद, दिलेश्वरी खुंटे, मंजूदेवी, पल्लवी साहू शामिल रहे।









# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...





















# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...












































































जिले एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



मंशा राम
उपसरपंच
ग्राम पंचायत भैसमा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

संजय कंवर
सरपंच-ग्राम पंचायत भैसमा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

पीतांबर सिंह राठिया
सचिव-ग्राम पंचायत भैसमा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

जिले एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आदिवासी सेवा सहकारी समिति, भैसमा
पंजीयन क्रमांक-3059
शाखा-कोरबा
प्राधिकृत अधिकारी
श्रीमती सुभद्रा सिदार
धान उपार्जन केन्द्र, भैसमा
प्रभारी- श्री गोवर्धन पटवा
धान उपार्जन केन्द्र, कुदुरमाल
प्रभारी- श्री राधेलाल कुम्भकार
समस्त कर्मचारी एवं समिति क्षेत्र के किसान, भैसमा

जिले एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




विनोद भट्ट
जिलाध्यक्ष

तुलेश्वर कौशिक
जिला सचिव

संरक्षक एवं प्रमुख पदाधिकारी
सर्वश्री चंद्रेश कश्यप, समरेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश वैष्णव, ऋषि कुमार पाण्डेय, प्रदीप अग्रवाल, डाकेश्वर पाण्डेय, कमल दुबे, अरूण कश्यप, अशोक दुबे, आनंद कौशिक, नरेन्द्र कश्यप, प्यारेलाल साहू, राजकुमार साहू, रामस्वरूप जायसवाल, राधेश्याम कश्यप, अरूण इजवा, बंशीलाल प्रजापति, राजेन्द्र विध्यराज, दुलीचंद धीवर, चन्द्रशेखर कैवर्त, लता सिदार
छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ, जिला-कोरबा (छ.ग.)

जिले एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, तिलकेजा
पंजीयन क्रमांक-300
शाखा-कोरबा
प्राधिकृत अधिकारी
श्री दीपक कंवर
प्रभारी- दुलीचंद धीवर (लिपिक) एवं समस्त स्टॉफ समिति तिलकेजा

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
एवं समस्त स्टॉफ
लोक निर्माण विभाग
उपसंभाग भैसमा, संभाग, कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आदिवासी सेवा सहकारी समिति, रामपुर
प्रबंधक
ऋषि कुमार पाण्डेय
प्राधिकृत अधिकारी
एल.एन. जायसवाल

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




सरपंच
श्रीमती ललिताबाई खरिया
ग्राम पंचायत जुनवानी

सरपंच प्रतिनिधि
हीरालाल खरिया
ग्राम पंचायत जुनवानी

सचिव लखन जायसवाल
ग्राम पंचायत जुनवानी

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



सरपंच
श्रीमती विज्ञानी कंवर
ग्राम पंचायत गिधौरी

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, नवापारा
शाखा बरपाली
प्रबंधक
श्री जबल सिंह राठिया
प्राधिकृत अधिकारी
एल.एन. जायसवाल

जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



दीनानाथ राठिया
सरपंच-ग्राम पंचायत धिनारा
जनपद पंचायत करतला



गोपी सिंह कंवर
सचिव-ग्राम पंचायत धिनारा
जनपद पंचायत करतला



जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय हिन्द
तुलेश्वर कौशिक
भैसमा,मो.-9009384845

## खबर संक्षेप



### अन्नपूर्णा देवी की विरासत को समर्पित दिव्य भारतीय शास्त्रीय संगीत संध्या

**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा ने 24 जनवरी की संध्या को अपने सांस्कृतिक परिदृश्य को दिव्य राग–रस और शाश्वत परंपरा से सराबोर करते हुए धरोहर नामक भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य संध्या का आयोजन किया, जो महान संगीत मनीषी अन्नपूर्णा देवी की अमर विरासत को समर्पित थी। बसंत पंचमी की पावन भावना में आयोजित यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध संगीत और कला परंपरा को सच्ची श्रद्धांजलि था और धरोहर अर्थात अमूल्य विरासत के भाव को पूर्णतः साकार करता था। एनटीपीसी कोरबा टाउनशिप स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बिभास घटक, उनके साथ श्रीमती सुभ्रा घटक तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एकल प्रस्तुतियों से हुई, जिनमें दर्शकों ने भारतीय शास्त्रीय कलाओं की गहराई और विविधता का अनुभव किया। सितार की ध्यानमग्न गूंज, बांसुरी की मधुर लहरियाँ, तबले की सटीक लयकारी, शास्त्रीय गायन की भावपूर्ण अभिव्यक्ति और कथक की सौम्य मुद्राएँ प्रत्येक प्रस्तुति अन्नपूर्णा देवी की प्रेरणा को नमन थी। इस दौरान किशन कुमार देवांगन, कल्पना साहू, पं. देबप्रसाद चक्रवर्ती, पं. सुदीप चट्टोपाध्याय, रूपक मित्र ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती दी।

### जेसीआई सेंट्रल ने बालिका दिवस पर किया बिटिया अनमोल कार्यक्रम का आयोजन



**कोरबा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के पावन अवसर पर जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा 100 बेड अस्पताल में बिटिया अनमोल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में जन्मी नवजात बालिकाओं का सम्मान किया गया तथा उन्हें मच्छरदानी वितरित कर उनके स्वस्थ, सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना, समाज में बेटी के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा बालिका सम्मान का सशक्त संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जेसीआई कोरबा सेंट्रल के पदाधिकारियों ने कहा कि बिटिया अनमोल जैसे कार्यक्रम समाज में बेटियों के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर की भावना को मजबूत करते हैं। जेसीआई कोरबा सेंट्रल के अध्यक्ष जेसी सीए त्रिलोकी नाथ बजाज ने कहा कि जनहित प्रेरणा एवं मानवता की सेवा के उद्देश्य से संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी और संवेदनशील सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। उपरोक्त जानकारी संस्था के सचिव जेसी निस्चल टमकोरिया के द्वारा दी गई।

### जटगा पुलिस ने शहीद संदीप टोप्पो को दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जटगा चौकी क्षेत्र के ग्राम बनवार निवासी शहीद संदीप टोप्पो की शहादत को याद करते हुए जटगा पुलिस द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम चौकी प्रभारी चंद्रपाल खांडे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहीद की प्रारंभिक शिक्षा स्थल हाई स्कूल जटगा में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीद संदीप टोप्पो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात जटगा पुलिस शहीद के निवास ग्राम बनवार पहुंचा, जहाँ उनके वृद्ध माता-पिता को श्रीफल, फूल एवं मिठाई भेंट कर सम्मानित किया। शहीद की माता को साड़ी भेंटकर परिवार के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। साथ ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने आमंत्रित किया गया।

# जीवन को संवारने और बिगाड़ने में शिक्षा, मीडिया और डॉक्टरों की बड़ी भूमिका: सिंह

## डीपीएस जमनीपाली के रियूनियन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली पब्लिक स्कूल जमनीपाली के रियूनियन कार्यक्रम में पहुंचे विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. बी सिंह ने कहा कि समाज और जीवन को बनाने का काम शिक्षा, मीडिया और डॉक्टर करते हैं लेकिन यदि दिशा गलत हो तो यही क्षेत्र जीवन को बिगाड़ने की वजह भी बन जाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से मीडिया से सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की।

अलग खबर

डॉ. सिंह ने कहा कि एनटीपीसी की स्थापना के साथ ही कोरबा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत महसूस हुई और उसी क्रम में डीपीएस जमनीपाली की शुरुआत हुई। वर्ष 1987 से 1995 तक अविभाजित मध्यप्रदेश में डीपीएस जमनीपाली के प्राचार्य रहे डॉ. सिंह ने कहा कि तब के कोरबा और आज के कोरबा में बड़ा बदलाव आया है। यहां से उन्हें सीखने को बहुत कुछ मिला। उन्होंने बताया कि कोरबा में कार्यकाल के दौरान डीपीएस में कोचिंग की शुरुआत की गई थी लेकिन वह प्रयोग सफल नहीं हो सका। बाद में एनटीपीसी के इंजीनियरों और अन्य स्त्रोतों से शुरू हुई कोचिंग व्यवस्था आज भी निरंतर जारी है। डॉ. सिंह ने कहा कि कोचिंग और बढ़ते होमवर्क की प्रवृत्ति आज एक गंभीर चुनौती बन चुकी है, जिसकी जिम्मेदारी सामूहिक है। डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि कोरबा की आर्थिक प्रगति के साथ शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा है, जिससे कोचिंग एक फैशन का रूप लेती जा रही है और हर परिवार उच्च शिक्षा की ओर बढ़ना चाहता है। उन्होंने 1993 में तत्कालीन राज्यपाल शफी कुरैशी के जमनीपाली प्रवास और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के कई कार्यक्रमों के आयोजन का भी जिक्र किया। इस दौरान तत्कालीन विधायक बनवारीलाल अग्रवाल के सहयोग को भी उन्होंने याद किया। कार्यक्रम में डीपीएस के वर्तमान प्राचार्य डॉ. सतीश शर्मा ने भी विचार रखे। इस अवसर पर मिलन अग्रवाल, साहिल खेत्रपाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**खास बातें**
- कोरबा की आर्थिक प्रगति के साथ शिक्षा का बढ़ा है रुझान
- कोचिंग आज लेती जा रही है फैशन का रुप




## पुत्र पुत्री के विवाह के लिए कुछ दिन पहले ही की थी खरीदी

# सेवानिवृत्त पुलिस अफसर के घर चोरी, 10 लाख के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस विभाग से सहायक उप निरीक्षक से सेवानिवृत हुए एक पुलिस अफसर अपने पुत्र पुत्री के विवाह के लिए दिन पहले ही लगभग 10 लाख की लागत से सोने चांदी की जेवरात खरीदी थी। इस बीच पुलिस अधिकार की मां का निधन हो गया और निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित घर में ताला बंदकर शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था। इस बीच चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाते हुए धावा बोलकर अलमारी को तोड़कर सोने चांदी जेवरात सहित लगभग 10 लाख का माल पार कर दिया है। रिटायर्ड पुलिस अफसर की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी के एचडी मकान नंबर 12 में ग्लेटबिन कुमार 63 वर्ष पिता स्व वीर कुमार कुशवाहा बांगो थाना पदस्थ थे जो कुछ दिन पहले ही विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं। बताया जाता है कि सहायक उप निरीक्षक अपने पुत्र व पुत्री के शादी के लिए लगभग 10 लख रुपए की लागत से सोने चांदी के जेवरात की खरीदी थी। बताया जाता है कि गिलेटबीन अपने परिवार एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने ग्राम पिथौरा गया हुआ था। इस दौरान उसने घर की सुरक्षा को लेकर सतर्क था और जाते समय घर के ताले की चाबी अपने पड़ोसी और एक रिश्तेदार को सौंपकर गया था। शनिवार को जब परिवार वापस लौटा तो घर का मुख्य ताला टूटा हुआ मिला। अंदर का नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से कीमती जेवरात गायब थे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**
- मामला की मौत पर परिवार गया था ग्राम पिथौरा



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

### खोजी डॉग व फॉरेसिंक एक्सपर्टकी टीम कर रही है जांच

पुलिस अधिकारी के घर चोरी की घटना सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले की शिकायत पर खोजी डॉग बाघा व फॉरेसिंक की टीम मौके पर पहुंची थी और घटना स्थल से सुराग तलाश करने जुटी। पुलिस अलग-अलग बिंदुओं पर तहकीकात में जुटी हुई है जिस तरह से चोरों ने पुलिस अफसर के घर हाथ फेरा है इससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि चोरों को उसके आने जाने और घर में क्या-क्या सामान है इसकी पूरी जानकारी थी। चोरों ने मात्र अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरातों की चोरी की है। बाकी किसी भी सामान को उसने हाथ नहीं लगाया है। इससे संभावना जताई जा रही है कि किसी जानकर व्यक्ति का चोरी के मामले में हाथ हो सकता है।

### ये सामान की हुई चोरी

गिलेटबीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरों ने उसके घर में रखे सोने का हार 2 नग, 5 ग्राम सोने का लटकन, 50 ग्राम सोने का हार, 5 ग्राम कान का लटकन, 9.10 ग्राम सोना का झुमका, अंगूठी 3 ग्राम, सोने का क्रास छोटा तथा 16 ग्राम चांदी का पाजेब, 16 तोला चांदी का पायल, घुंगरू वाला पायल 7 तोला चांदी, 16 तोला सोने का नया पाजेब, चांदी का बिछिया 3-4, पुराने कीमती अंगूठी 3-4, 2 चांदी का छोटा गिलास, कटोरी, 5, 6 चांदी का सिक्का, चांदी का कडा, चांदी का मोटा चैन, चांदी का मोटा करधन छोटा वाला, चांदी का एक नोट, चांदी का क्रास एवं पतला पायल एक जोडा जिसका अनुमानित कीमत 10 लाख रुपए बतायी जा रही है।

## उरगा और कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों को दबोचा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जप्त शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने मुखबीर की सूचना पर उमरेली में छापामारी की कार्यवाही की है जहां एक स्कूटी वाहन में शराब की तस्करी कर रहे बाराद्वार सरहर निवासी भागवत कुर्रे को गिरफ्तार किया है जहां पुलिस ने उसके कब्जे से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। जबकि इसी तरह सिवनी चांपा निवासी महेंद्र यादव के कब्जे से दस पाव देशी व घाठाद्वारी निवासी दिल सिंह कंवर के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इसी तरह नगर कोतवाली मोतीलाल पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि ईमलीडुग्गु धनुवारपारा अपने बाड़ी में एक महिला अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिकी कर रही है। थाना प्रभारी एमबी पटेल कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर ईमलीडुग्गू धनुहारपारा कोरबा में पुलिस टीम के द्वारा रेड करने पर महिला आरोपियों गनेशी बाई उरांव पता ईमलीडुग्गु धनुवार मोहल्ला के कब्जे से एक पीले रंग 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में 10 लीटर भरा महुआ शराब बिक्री रकम 110 रूपये जुमला किमती 2110 रूपये जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। साथ ही 3 स्थायी वारंटी रेलवे कॉलोनी निवासी रत्ना बाई, मोतीसागरपारा निवासी गुड्डू बरेठ, सीतामणी निवासी राजा मेहता व एक गिरफ्तारी वारंटी राताखार झूमलाल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने यातायात पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर करेगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस ने अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। प्रतिदिन शाम ढलते ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

यातायात पुलिस के अनुसार, यह अभियान जिले में लगातार सामने आ रही दुर्घटनाओं और लापरवाही से वाहन चलाने की शिकायतों के बाद तेज किया गया है। यातायात शाखा में पदस्थ एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि रोजाना शाम के समय पुलिस टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात रहती है और ब्रेथ एनालाइज़र के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई, लाइसेंस जब्ती और जरूरत पड़ने पर वाहन जब्ती तक की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह सडक़ सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत जिले में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। टीम ने इंटरसेप्टर से बांगो मार्ग पर वाहनों की जांच के साथ कार्रवाई भी की। ट्रैफिक की मैदानी टीम ने ओवर स्पीडिंग के साथ-साथ अंडर पॉल्यूशन कंट्रोल और अन्य मामलों की जांच पड़ताल की। इंटरसेप्टर कई प्रकार की तकनीकी से लैस है। इसमें मौजूद उपकरण वाहनों की गति सीमा के साथ-साथ दूसरे मामलों की पड़ताल शीघ्रता से करते हैं। लापरवाही बरतने वाले चालकों पर नियंत्रित करने सहित अन्य संबंधित मामलों में निगरानी के लिए इंटरसेप्टर को लॉन्च किया गया है। इसमें एडवांस टेक्नोलॉजी इसे ज्यादा कारगर बनती है और पुलिस को उसके कार्यों में सहूलियत भी देती है।

## एनटीपीसी कोरबा के संयंत्र परिसर में मतदाता जागरुक कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा के संयंत्र परिसर में समय कार्यालय के पास 24 जनवरी को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सोम ठाकुर, सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण शत्रुघ्न बेहरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण शत्रुघ्न बेहरा ने एसआईआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संयंत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदा श्रमिकों को इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती के लिए बहुत आवश्यक है और प्रत्येक नागरिक की इसमें भागीदारी आवश्यक है। एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नाम जोड़ने, संशोधन व अन्य प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से नाम और विवरण की जांच कर आवश्यक सुधार करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा दिनेश कुमार नाग ने मतदान के महत्व पर अपनी विस्तृत जानकारी दी।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला ईकाई ने मनाया नववर्ष मिलन-समारोह

**कोरबा।** छराविमं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला ईकाई के द्वारा जूनियर क्लब में नववर्ष मिलन-समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन के सदस्य शामिल हुए। जिला ईकाई के अध्यक्ष विश्वकर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के बारे अवगत कराया। संरक्षक सुधीर रेगे के द्वारा अपने संबोधन में एसोसिएशन की गतिविधियों के बारे मे अवगत कराया गया। इसके पश्चात, गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें देवानंद सोनी व आरएल पात्रे ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर पंचम लाल राठौर, दयाल दास वैष्णव, केके मिश्रा, पीपी तिवारी, निकेतराम राठौर, एसएस मूर्ती, कार्तिकराम कैवर्त्य एस गोपाल कृष्ण आदि सदस्यों ने आयोजन में सहयोग रहा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## चोढ़ा में ग्राम पंचायत भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

# पंचायत भवन बनने से ग्रामीणों को गांव में ही मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कुछ कर गुजरने और लोगों के बीच अपने कार्य क्षेत्र व व्यवहार से छाप छोड़ने की परिकल्पना को साकार रूप में धरातल पर करना अपने आप में बेमिसाल होता है हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत भवन चोढ़ा की जो विकासखंड पाली अंतर्गत आता है। गांव के चौक पर बना पंचायत भवन जो भी गुजरता है बस देखता ही रह जाता है।

शनिवार को ग्राम पंचायत चोढा में ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने फीता काट कर किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि नवीन पंचायत भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसे आज ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। यह भवन पंचायत के कार्यों के सुचारु रूप से संचालित करने, जनसमस्याओं के समाधान तथा ग्रामीण विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, विधायक श्री पटेल ने ग्राम पंचायत चोढ़ा के सरपंच, सचिव, पंचगण व समस्त ग्रामवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। सामुदायिक भवन एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन के लोकार्पण से ग्रामवासियों को सामाजिक आयोजनों, बैठकों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह ग्राम पंचायत चोढा के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं सरपंच श्रीमती सुनिता अम्बिका करपे ने बताया कि गांव को एक अलग पहचान देने, ग्रामीणों व पंचों को आधुनिकता को अपनाने सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन की परिकल्पना थी जो आज सकार हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, पाली जनपद अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा जगत, किसान मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दुष्यंत शर्मा, सरपंच श्रीमती सुनीता अम्बिका करपे, उप सरपंच श्रीमती कुन्ती बाई, शोभा सिंह जगत, कार्तिक राम सरूते, रमभाऊ सिंह पटेल, चन्द्र सिंह मरकाम, महेन्द्र राठौर, दिलीप पटेल, मन्नु राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि।

*कोरबा। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छग बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीते दिनों स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमैन डॉ. रोहित यादव से मुलाकात कर संविदा कर्मियों के मानदेय वृद्धि हेतु आभार जताया। इस दौरान अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.



स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

25 korba-pg1_Layout 1 24-01-2026 23:52 Page 1

26 जनवरी गणतंत्र दिवस हार्दिक शुभकामनाएं

# कोरबा भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026



## खबर संक्षेप

### छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन का नववर्ष कैलेंडर विमोचित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के करकमलों से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन जिला कोरबा द्वारा प्रकाशित नववर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का भव्य एवं गरिमामय विमोचन किया गया। यह अवसर कर्मचारी-अधिकारी एकजुटता, संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं नववर्ष के प्रति सकारात्मक संकल्प का प्रतीक रहा। कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम फ़ेडरेशन के जिला संयोजक जगदीश प्रसाद खरे, उप संयोजक तरुण सिंह राठौर एवं महासचिव ओमप्रकाश बघेल के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि कर्मचारी एवं अधिकारी किसी भी शासन व्यवस्था की रीढ़ होते हैं और उनके हितों के लिए संगठित प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने नववर्ष 2026 के लिए सभी कर्मचारी-अधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से पधारे कर्मचारी-अधिकारी साथियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहभागिता से आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा। फ़ेडरेशन पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, सहभागी साथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नववर्ष में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में फ़ेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारीगण में तरुण प्रकाश बैष्णव, रामकपूर कुर्रे, लोकनाथ सेन, शंकर दयाल साव, एस.के. द्विवेदी, प्रभात शर्मा, नकुल सिंह राजवाड़े, टी.आर. कुर्रे, विनय कुमार झा, पीयूष निर्मलकर, नित्यानंद यादव, मान सिंह राठिया, पी.पी.एस. राठौर, के.डी. पात्रे, ओमप्रकाश प्रधान, कीर्ति लहरे, विनोद सांडेय, सुखीराम कश्यप की सक्रिय उपस्थिति रही।

## सार्वजनिक उपक्रमों, शिक्षण संस्थानों में भी होगा ध्वजारोहण

# राजस्व मंत्री करेंगे मुख्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण, लेंगे परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने पर मुख्य समारोह में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा विभाग मंत्री टंकराम वर्मा ध्वजारोहण कर सशस्त्र बल जवानों से परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं प्रशासन के कुछ विभागों के द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित झांकियां निकाली जाएंगी।

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह फुटबॉल ग्राउंड सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में आयोजित होगा। प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का समारोह स्थल पर आगमन होगा। प्रातः 9 बजे



टंकराम वर्मा

मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, प्रातः 9.01 बजे सलामी एवं राष्ट्रगान, प्रातः 9.03 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं हर्ष फायर, 9.12 बजे परेड का मार्च पास्ट, 9.30 बजे परेड की समीक्षा एवं सलामी, 9.32 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, 9.47 बजे रंगीन गुब्बारा उड़ाना, 9.50 बजे परेड का प्रस्थान एवं परेड कमाण्डरों का परिचय, 10.05 बजे मुख्य अतिथि के साथ परेड कमाण्डरों की छायाचित्र, 10.10 बजे शहीद परिवारों का सम्मान, 10.20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, प्रातः 10.45 बजे विभागीय झांकी प्रदर्शन, 11.00 बजे सम्मान/पुरस्कार वितरण एवं प्रातः 11.10 बजे आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम का समापन होगा।

### पंचायतों में होगा उल्लास मेला का आयोजन

साक्षरता विभाग के द्वारा जिले को पूरी तरह साक्षर बनाने के लिए 26 जनवरी को जिले के हर गांव में उल्लास मेला लगाया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य है कि जो लोग अभी तक पढ़ना-लिखना नहीं जानते हैं, उन्हें सीखने पढ़ने का अवसर मिले। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन के अध्यक्ष कुणाल दुदावत ने मेले की तैयारियों की समीक्षा की और सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को समय पर तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह मेला जिले को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लास मेले में लोगों को पढ़ना-लिखना, जोड़-घटाना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता और रोजमर्रा के काम आने वाले कौशल सिखाए जाएंगे। प्राथमिक स्कूलों में स्टॉल लगाकर खेल-खेल में सीखने की व्यवस्था होगी। मेले में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए प्रभात फेरी, नारा लेखन, मशाल रैली और मुनादी के माध्यम से प्रचार किया जाएगा। ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्काउट गाइड के कार्यकर्ता, स्वयंसेवी शिक्षक और जनप्रतिनिधि मिलकर इस मेले को सफल बनाएंगे। जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती ज्योति शर्मा और करतला विकास खंड परियोजना अधिकारी लोकनाथ सेन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधोरी संकुल में जाकर सभी ग्रामवासियों और बच्चों को साक्षर ग्राम बनाने हेतु शपथ दिलवाई।

### पंचायत स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** शासकीय प्राथमिक शाला गंगदेई संकुल बिरदा विकासखंड कटघोरा मे पंचायत स्तर पर गंगदेई एवं भाठीकूड़ा स्कूल क्ा दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम क्ा आयोजित गया। जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ममता दामोदर राठौर, जनपद सदस्य फूलचंद कश्यप, सरपंच श्रीमती रुखमणी जगेश्वर बियार, दिलीप कौशिक, संधन राम यादव, पूर्व जनपद सदस्य बेदराम यादव, श्रीमती अरुणा चौहान, समस्त पंचायत प्रतिनिधि, शाला विकास समिति के सदस्य, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्रथम दिवस खेलकूद के अंतर्गत, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, चम्मच दौड़, कवितापाठ एवं चित्रकला मे आंगनबाड़ी, बालबाड़ी एवं दोनों स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। द्वितीय दिवस बसंत पंचमी के अवसर पर प्रातः 9 बजे सरस्वती पूजन, एवं 12 बजे से वार्षिकोत्सव क्ा कार्यक्रम आयोजित हुआ। दोनों दिवस सभी बच्चों को नेवता भोजन गंगदेई स्कूल में खिलाया गया।

# अंतिम सांस तक शिक्षा और समाज के लिए समर्पित रहना ही एकमात्र उद्देश्य : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वस्व न्योछावर कर स्कूल एवं विद्यार्थियो के उज्जवल भविष्य के कार्य करना विद्यालय संचालक का परम दायित्व होता है। प्राचार्य जो अपने अनुभव एवं कार्य कुशलता से विद्यालय को तरक्की के राह पर ले जाता है। ऐसे ही ऊर्जावान एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी डॉ. संजय गुप्ता जो कि वर्तमान में इंडस पब्लिक स्कूल में प्राचार्य के रूप में अपनी सेवा दे रहें। इस वर्ष 2026 में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान ,समर्पण एवं विशिष्ट प्रबंधन के कार्य तथा कुशल संस्था का संचालन करने के लिए डॉक्टर संजय गुप्ता को बेस्ट स्कूल प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड 2026 से सम्मांनित किया जा रहा है।

विगत 48 वर्षों से शिक्षा जगत को अपनी सेवा देते हुए डॉ. संजय गुप्ता (प्राचार्य-इंडस पब्लिक स्कूल दीपका) ने अपना सर्वस्व विद्यार्थियों के लिए समर्पित करते हुए इस मुकाम को हासिल किया है। गौरतलब है कि देश भर के विभिन्न



संजय गुप्ता

150 शिक्षाविदों को ही यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है जिसमें एक नाम डॉक्टर संजय गुप्ता का भी है।चयन समिति ने कई चरणों में अनेक क्षेत्रों की उपलब्धियों के मद्देनजर डॉक्टर संजय गुप्ता को इस सम्मान के काबिल पाया जो कि अत्यंत गर्व की बात है। डॉ. संजय गुप्ता को यह सम्मान 1 फरवरी 2026 को हॉलिडे इन, मयूर विहार नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविद, लीडर,प्रोफेशनल,इनोवेटर्स जैसे ख्यातिलब्ध व नामचीन हस्ती मौजूद रहेंगे। सभी महान हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता को बेस्ट स्कूल प्रिंसिपल ऑफ द ईयर 2026 अवार्ड से विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# गांधी चौक में पूर्व राजस्व मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी चौक में 26 जनवरी को प्रातः 8 बजे गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष द्वय ने जिला कांग्रेस,महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, इंटक, ओबीसी, अजा., अजजा. कांग्रेस प्रकोष्ठ, पार्षद, पूर्व पार्षद, ब्लॉक, मंडल, वार्ड, बूथ कमेटी सहित कांग्रेस संगठन के समस्त मोर्चा संगठन विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

# सेवा भारती ने ग्राम सोनारी में किया वस्त्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा भारती कोरबा द्वारा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के कल्याण हेतु निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं सेवा कार्यों की श्रृंखला में वस्त्र सेवा प्रकल्प के अंतर्गत समाज से प्राप्त दान किए गए वस्त्रों का वितरण किया गया। सेवा भारती परिवार, कोरबा के सदस्यों द्वारा कोरबा अंचल के दूरस्थ ग्राम



सोनारी में पहुँचकर जरूरतमंद वनवासी भाई-बहनों को वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह एवं संतोष का वातावरण देखने को मिला। वस्त्र वितरण कार्यक्रम के पश्चात सेवा भारती, कोरबा के सदस्यों द्वारा गौमुखी सेवा धाम, देवपहरी में स्थित मां सिद्धिदात्री के दर्शन कर समाज के सर्वांगीण कल्याण की प्रार्थना की गई। इस सेवा प्रकल्प का संयोजन श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती रुखमणि नायर, श्रीमती रीता श्रीवास्तव, श्रीमती कमल बत्रा, श्रीमती शोभा अवस्थी, श्रीमती निक्की उपाध्याय एवं श्रीमती शिवकुमारी साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेवा भारती के सचिव सुनील जैन, कोषाध्यक्ष गोविंद माधव उपाध्याय, मयंक श्रीवास, बालकृष्ण सिंह, कामता देवांगन सहित ग्राम सोनारी के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। सेवा भारती, कोरबा द्वारा किया गया यह सेवा कार्य सामाजिक संवेदना, सहयोग एवं मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास है।






















# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...































25 korba-pg3_Layout 1 25-01-2026 00:04 Page 1



# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...


































# जिले एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




बेटी हैं स्वर्ग की सीढ़ी वो पढ़ेगी तो बढ़ेगी, अगली पीढ़ी।



बाल विवाह अपराध है
लड़की के लिए श्राप है

समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी

## महिला एवं बाल विकास विभाग

कोरबा (छ.ग.)







### टीबी के लक्षण

1. लम्बे समय तक सूखी खांसी आना
2. खांसी के साथ बलगम और खून आना
3. सांस लेने पर सीने में दर्द होना
4. बेचैनी और सुस्ती महसूस होना
5. भूख कम लगना और वजन घटना
6. रात में हल्का बुखार रहना
7. थकान और शरीर में दर्द रहना



टीबी का इलाज पूरी तरह संभव है, बस सही समय पर और पूरा इलाज ज़रूरी होता है।
टीबी का इलाज 6 महीने (कभी-कभी 9-12 महीने) की दवाओं से होता है
ये दवाएँ रोज़ डॉक्टर की निगरानी में लेनी होती हैं
बीच में दवा छोड़ना खतरनाक हो सकता है
आम तौर पर इलाज में शामिल होता है:
टीबी की विशेष एंटी-ट्यूबरकुलोसिस दवाएँ (एक से ज्यादा दवाओं का कोर्स)
पहले 2 महीने ज्यादा दवाएँ, फिर बाकी महीनों में कम दवाएँ
यह इलाज DOTS / NTEP कार्यक्रम के तहत होता है

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकार

कोरबा (छ.ग.)



## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र

जिला-कोरबा (छ.ग.)









## जिला शिक्षा अधिकारी,कोरबा (छ.ग.)





## खनिज विभाग, कोरबा (छ.ग.)










सड़क पर आपकी एक गलती, किसी की पूरी ज़िंदगी बदल सकती है–सावधानी ज़रूरी है।'
'लाइसेंस, हेलमेट और सीट बेल्ट – ये नियम नहीं, आपकी सुरक्षा की ढाल हैं।'
'तेज़ रफ़्तार नहीं, सुरक्षित सफ़र ही असली मंज़िल है।'
'आज नियम मानेंगे, तभी कल सुरक्षित मुस्कुराएँगे।'
'सड़क सबकी है, ज़िम्मेदारी भी सबकी है – नियमों का सम्मान करें।'
'एक पल की जल्दबाज़ी, जीवन भर का पछतावा बन सकती है।'

## जिला परिवहन अधिकारी

जिला-कोरबा (छ.ग.)